प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

30 दिसंबर 2020

# वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के दौरान भारत के भुगतान संतुलन में गतिविधियां

दूसरी तिमाही अर्थात् जुलाई-सितंबर 2020-21 के लिए भारत के भुगतान संतुलन (बीओपी) से संबंधित प्रारंभिक आंकड़े विवरण-I (बीपीएम 6 फॉर्मेट) और II (पुराना फॉर्मेट) में प्रस्तुत किए गए हैं।

## 2020-21 की दूसरी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन की मुख्य विशेषताएं

- भारत का चालू खाता अधिशेष 2020-21 की पहली तिमाही में 19.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद का 3.8 प्रतिशत) से कम होकर 2020-21 की दूसरी तिमाही में 15.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 2.4 प्रतिशत) हुआ; एक वर्ष पहले (अर्थात् 2019-20 की दूसरी तिमाही) में 7.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) की कमी दर्ज की गयी थी।
- 2020-21 की दूसरी तिमाही में चालू खाते के अधिशेष का संकुचन पूर्ववर्ती तिमाही में माल व्यापार घाटे में 10.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 14.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि के कारण थी।
- सेवाओं की निवल प्राप्तियों में क्रमिक रूप से और वर्ष-दर-वर्ष दोनों आधार पर वृद्धि हुई, इसका मुख्य कारण कंप्यूटर सेवाओं से उच्च निवल आय है।
- निजी अंतरण प्राप्तियों, मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषण का प्रतिनिधित्व करने वाले, में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर गिरावट हुई लेकिन 2020-21 की दूसरी तिमाही में क्रमिक रूप से 12 प्रतिशत तक 20.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सुधार हुआ।
- प्राथमिक आय खाते से निवल व्यय, मुख्य रूप से निवल विदेशी निवेश आय भुगतान को दर्शा रहा है, में एक वर्ष पहले के 8.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 9.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।
- वित्तीय खाते में, निवल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश ने 2019-20 की दूसरी तिमाही में 7.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 24.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मजबूत अंतर्वाह दर्ज किया।
- निवल विदेशी पोर्टफोलियो निवेश 2019-20 की दूसरी तिमाही में 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 7.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो व्यापक रूप से इक्विटी बाजार में निवल खरीद को दर्शा रहा है।

- नए संवितरण से अधिक भुगतान के साथ, भारत के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधारों ने एक वर्ष पहले के 3.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अंतर्वाह की तुलना में 2020-21 की दूसरी तिमाही में 4.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल बहिर्वाह दर्ज किया।

- अनिवासी जमाराशियों के लिए निवल अभिवृद्धि में 2019-20 की दूसरी तिमाही में 2.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 1.9 बिलियन तक मोडरेट हो गया।

- 2019-20 की दूसरी तिमाही में 5.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार (बीओपी आधार पर) में 31.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की  अभिवृद्धि हुई  (तालिका 1)।

**अप्रैल-सितंबर 2020-21 के दौरान बीओपी (2020-21 की पहली छमाही)**

- भारत ने व्यापार घाटा में तेजी से संकुचन के आधार पर 2019-20 की पहली छमाही में 1.6 प्रतिशत के  घाटे के सापेक्ष 2020-21 की पहली छमाही में जीडीपी का 3.1 प्रतिशत का चालू खाता अधिशेष दर्ज किया।

- निवल अदृश्य प्राप्तियाँ 2020-21 की पहली छमाही में कम थी,  जिसका मुख्य कारण शुद्ध निजी अंतरण प्राप्तियों में गिरावट था।

- 2020-21 की पहली छमाही में **23.8** बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल एफडीआई अंतर्वाह 2019-20 की पहली छमाही में 21.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

- पोर्टफोलियो निवेश ने 2020-21 की पहली छमही में 7.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का शुद्ध अंतर्वाह दर्ज किया, जो लगभग एक वर्ष पहले के समान स्तर पर है।

- 2020-21 की पहली छमही में, विदेशी मुद्रा भंडार (बीओपी आधार पर) में **51.4** बिलियन अमेरिकी डॉलर का अभिवृद्धि हुई।

| सारणी 1 : भारत के भुगतान संतुलन की प्रमुख मदें | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | (बिलियन अमेरिकी डॉलर) |
| | जुलाई-सितंबर 2020 प्रा | | | जुलाई-सितंबर 2019 | | | अप्रैल-सितंबर 2020-21 प्रा | | | अप्रैल-सितंबर 2019-20 | | |
| | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल |
| क. चालू खाता | **151.0** | **135.4** | **15.5** | **161.6** | **169.1** | **-7.6** | **273.4** | **238.7** | **34.8** | **322.2** | **344.8** | **-22.5** |
| 1. माल | 75.6 | 90.4 | -14.8 | 80.0 | 119.6 | -39.6 | 127.9 | 153.5 | -25.6 | 162.7 | 249.1 | -86.4 |
| जिसमें से: | | | | | | | | | | | | |
| पीओएल | 7.3 | 18.8 | -11.5 | 10.1 | 29.8 | -19.7 | 12.1 | 32.0 | -19.9 | 21.2 | 65.2 | -44.0 |
| 2. सेवा | 49.9 | 28.7 | 21.2 | 52.8 | 31.8 | 20.9 | 96.7 | 55.0 | 41.7 | 105.0 | 64.0 | 41.0 |
| 3. प्राथमिक आय | 5.0 | 14.3 | -9.3 | 6.8 | 15.7 | -8.8 | 10.1 | 26.9 | -16.8 | 12.7 | 27.7 | -15.1 |
| 4. द्वितीयक आय | 20.4 | 2.0 | 18.4 | 22.0 | 2.0 | 20.0 | 38.6 | 3.2 | 35.4 | 41.9 | 4.0 | 38.0 |
| ख. पूंजी लेखा और वित्तीय लेखा | **152.7** | **168.8** | **-16.2** | **142.2** | **133.8** | **8.4** | **280.5** | **315.5** | **-35.0** | **280.5** | **257.5** | **23.0** |
| जिसमें से: | | | | | | | | | | | | |
| मुद्रा भंडार में परिवर्तन (वृद्धि (-)/कमी (+)) | 0.0 | 31.6 | -31.6 | 0.0 | 5.1 | -5.1 | 0.0 | 51.4 | -51.4 | 0.0 | 19.1 | -19.1 |
| ग. भुल-चूक (-) (ए+बी) | **0.6** | | **0.6** | | **0.9** | **-0.9** | **0.2** | | **0.2** | | **0.5** | **-0.5** |
| प्रा : प्रारंभिक | | | | | | | | | | | | |
| नोट : पूर्णांकन के कारण उप घटकों का योग कुल योग से भिन्न हो सकता है। | | | | | | | | | | | | |

**(योगेश दयाल)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/853**

मुख्य महाप्रबंधक